बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

## अधिसूचना

अधि0 सं0:- 6073026 ग्रा0वि0, पटना, दिनांक:- 12/08/2026

ग्रा0वि0-3/स्था0-02-02/2024

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन परीक्ष्यमान नगर कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर चयन होने के फलस्वरूप श्री अर्पित आनन्द (अनुक्रमांक-504008/ मेधा क्रमांक-83), प्रखंड विकास पदाधिकारी, हलसी (लखीसराय) द्वारा चयनित पद पर योगदान करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद से विरमित करने का अनुरोध किया गया है ।

2. अतः जिला पदाधिकारी, लखीसराय से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में श्री अर्पित आनन्द (अनुक्रमांक-504008/ मेधा क्रमांक-83), प्रखंड विकास पदाधिकारी, हलसी (लखीसराय) नगर विकास एवं आवास विभाग के अधीन परीक्ष्यमान नगर कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर योगदान देने हेतु निम्नांकित शर्तो के साथ विरमित किया जाता है :-

(i) ग्रामीण विकास पदाधिकारी के रूप में बितायी गयी कर्त्तव्य अवधि का वेतनादि का भुगतान देय होगा ।

(ii) बिहार सेवा संहिता के नियम-157 के तहत श्री अर्पित आनन्द द्वारा घोषणा पत्र समर्पित किया जायेगा कि उनके विरूद्ध किसी प्रकार का बकाया आदि नहीं है ।

(iii) वर्तमान धारित पद पर ग्रामीण विकास पदाधिकारी के पद पर 02 (दो) वर्ष का गहणाधिकार (Lein) अनुमान्य होगा ।

3. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

12.8.26

(मन्जु प्रसाद)

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 6073026 दिनांक:- 12/08/2026

ग्रा0वि0-3/स्था0-02-02/2024

प्रतिलिपि- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

12.8.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 6073026 दिनांक:- 12/08/2026

प्रतिलिपि:- महालेखाकार (ले0 एवं ह0), बिहार, पटना/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0 E-mail ID- payslipsection@gmail.com) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

12.8.26

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 6073026 दिनांक:- 12/08/2026

प्रतिलिपि:- जिला पदाधिकारी, लखीसराय/ उप विकास आयुक्त, लखीसराय/ जिला कोषागार पदाधिकारी, लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. जिला पदाधिकारी, लखीसराय से अनुरोध है कि श्री अर्पित आनन्द, प्रखंड विकास पदाधिकारी, हलसी (लखीसराय) से सेवा संहिता के नियम 157 के तहत इनके विरूद्ध किसी प्रकार का बकाया आदि नहीं है, से संबंधित घोषणा पत्र प्राप्त कर अविलंब इन्हें चयनित पद पर योगदान देने हेतु विरमित करने की कृपा की जाय ।

ह०/ 12.8.26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 6073026 दिनांक:- 12/08/2026

प्रतिलिपि:- श्री अर्पित आनन्द, प्रखंड विकास पदाधिकारी, हलसी (लखीसराय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2. निदेशित किया जाता है कि बिहार सेवा संहिता के नियम 157 के तहत जिला पदाधिकारी, लखीसराय को घोषणा पत्र समर्पित करेंगे कि आपके विरूद्ध किसी प्रकार का बकाया आदि नहीं है।

ह०/ 12.8.26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक:- 6073026 दिनांक:- 12/08/2026

प्रतिलिपि:- प्रधान सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/ प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा-14/ आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना (विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ) को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह०/ 12.8.26
सरकार के अपर सचिव